


# गोद ले लिए स्कूल, हालत सुधारने की नहीं उठाई जिम्मेदारी

## जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के गोद लेने के बावजूद नहीं बदल रही व्यवस्था, कागजों में सिमटकर रह गया शासन का अभियान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अफसरों ने परिषदीय विद्यालयों को गोद तो ले लिया, लेकिन उनकी दशा सुधारने के लिए कोई प्रयास नहीं किया। जिम्मेदारों की बेरुखी से शासन की परिषदीय स्कूलों की हालत सुधारने की मुहिम कागजों में सिमटकर रह गई है। जिम्मेदारों की बेरुखी से परिषदीय स्कूल बदहाल हैं। कहीं गंदगी के ढेर लगे हैं तो कहीं शौचालय और क्लास रूम जर्जर है।

जिले में परिषदीय विद्यालयों की संख्या 1503 हैं। जिसमें 294 कंपोजिट, 932 प्राथमिक और 277 उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित होते हैं। इनमें नगरीय क्षेत्र में 18 स्कूलों का संचालन जहां करीब पौने दो लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। विभाग का दावा है कि शासन के निर्देश पर जिले भर के 125 विद्यालयों को गोद लिया गया था। जिसमें जनपद स्तरीय अफसरों ने 102, जनप्रतिनिधियों ने 15 और मंडल स्तरीय अधिकारियों ने आठ विद्यालयों को गोद लिया। बताते हैं कि आनन-फानन में प्रक्रिया को पूरा कर शासन को रिपोर्ट भेज दी, जिसके चलते कई जिम्मेदारों को यह नहीं पता चला कि उन्होंने कोई स्कूल भी गोद लिया है। जितने भी स्कूलों को गोद लिया गया है, उनकी स्थिति दयनीय है। अमृत विचार की टीम ने गोद लिए गए कुछ स्कूलों की हकीकत परखने के लिए शनिवार को पड़ताल की तो कई स्कूल जर्जर हालत में मिले।

### ब्लॉक प्रमुख ने पुत्रवधू का स्कूल लिया गोद, कई काम अधूरे



बरखेड़ा ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख रामदेवी गंगवार ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय गाजीपुर कुंडा को गोद लिया है। जिसमें उनकी पुत्र वधू मीना गंगवार पत्नी कमलेश गंगवार इंचार्ज अध्यापक के तौर पर कार्यरत हैं। इस स्कूल में कोई अन्य शिक्षक कार्यरत नहीं है। दो अनुदेशक काम कर रहे हैं। इस स्कूल में कक्षा छह में 66, कक्षा सात में 45 और कक्षा आठ में 25 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। विद्यालय में विज्ञान व गणित एवं अंग्रेजी विषय के शिक्षक होना चाहिए जो नहीं है। वर्ष 2020 से प्रधानाध्यापक का पद रिक्त है। बच्चों के खेलने के लिए मैदान तक नहीं है और न ही दिव्यांग बच्चों के लिए शौचालय की कोई व्यवस्था है। साथ ही अब विद्यालय का भवन भी जर्जर होने लगा है। विद्यालय का प्रांगण नीचा होने के कारण बरसात में जल भराव की समस्या बनी रहती है। अभी तक स्कूल के प्रागंण का पटान नहीं कराया गया है। दो साल पहले एक अन्य जनप्रतिनिधि ने विद्यालय में विज्ञान लैब के लिए करीब सात लाख रुपये देने की घोषणा की थी, लेकिन अब तक नहीं दिए। इधर, ब्लॉक प्रमुख रामदेवी गंगवार का कहना है कि विद्यालय गोद लेने के बाद विद्यालय में ग्राम पंचायत द्वारा लगभग 140 मीटर चहारदीवारी का निर्माण कराया गया है। विद्यालय में जल्द ही मिट्टी से पटान कराकर समतल किया जाएगा। इसे लेकर प्रक्रिया चल रही है।

### बमरोली के कंपोजिट विद्यालय को गोद लेने के बाद भूले मंडी सचिव




शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता परखने एवं जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति कराने के बाबत जिन अधिकारियों ने विद्यालयों को गोद लिया है। उन्होंने गोद लेने के बाद जिम्मेदारी का निर्वाहन करना तो दूर की बात, विद्यालय में एक बार भी आने की भी जरूरत नहीं उठाई। ऐसा ही हाल बिलसंडा ब्लॉक के गांव बमरौली स्थित कंपोजिट विद्यालय का है। इसे बीसलपुर मंडी समिति के सचिव को गोद दिया गया था, लेकिन उन्होंने एक बार भी विद्यालय पहुंचने की भी जरूरत नहीं समझी। प्रधानाध्यापक को यह पता नहीं कि उनके विद्यालय को किसने गोद लिया है। प्रधानाध्यापक संजय गुप्ता ने बताया कि उनके विद्यालय में 356 बच्चे शिक्षारत हैं ,इनमें प्राथमिक विद्यालय में 210 और 146 बच्चे जूनियर हाई स्कूल में दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में तीन शिक्षक और एक शिक्षामित्र की तैनाती है। इसके अलावा जूनियर हाई स्कूल में शिक्षक गोपेश शर्मा के एआरपी का दायित्व निभाने की वजह से विद्यालय में एक भी शिक्षक नहीं है, बल्कि तीन अनुदेशकों से ही काम चलाना पड़ रहा है। यहां बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते हैं। खेल का मैदान भी ठीक नहीं है। मंडी सचिव बीसलपुर नाजिम का कहना है कि उन्हें स्कूल के आसपास मिल का लाइसेंस नहीं देने के लिए कहा गया था। बाकी गोद दिया है। ऐसा कुछ जानकारी में नहीं है।

### हैंडवॉश की टंकियां और खिड़की-दरवाजे टूटे



अमरिया ब्लॉक के कैंचूटांडा गांव में स्थित कंपोजिट विद्यालय को अमरिया पशु चिकित्साधिकारी ने गोद लिया था। लेकिन गोद लेने के बाद साहब आज तक स्कूल में झांकने तक नहीं पहुंचे। इस विद्यालय के कैंपस में ही ग्राम पंचायत सचिवालय का संचालन होता है। जिस वजह से गेट पर ताला नहीं डाला जाता है। ऐसे में स्कूल बंद होने के बाद खुराफाती तत्वों और चोरों के द्वारा हैंडवॉशिंग की टंकियां तक तोड़कर गायब कर दी गई है। इतना ही नहीं खिड़की दरवाजे भी टूट पड़े हैं। यहां कक्षा एक से पांच तक के बच्चे दरी पर बैठकर पढ़ाई करते मिले। साथ ही खेल का मैदान आदि व्यवस्थाएं भी जर्जर पड़ी हुई है। अफसर सिर्फ कागजों में स्कूलों का निरीक्षण कर अपनी रस्म अदायगी कर ले रहे हैं।

### खमरिया पट्टी प्राथमिक विद्यालय में जमीन पर बैठकर पढ़ते हैं बच्चे



पूरनपुर ब्लॉक के गांव खमरिया पट्टी के प्राथमिक विद्यालय को बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने गोद लिया है। इस स्कूल में कक्षा एक से पांच तक में 162 बच्चे पंजीकृत है। स्कूल में इंचार्ज अध्यापक का शिवांगी, पूनम सहित तीन शिक्षका और शिक्षामित्र कुसुम तैनात हैं। शनिवार को इंचार्ज अध्यापिका शिवांगी विभागीय प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए गई थी। स्कूल में साफ सफाई की व्यवस्था भी पहले से बेहतर है। हालांकि विद्यालय के बच्चे अभी भी पट्टी पर बैठकर पढ़ने को मजबूर है। इंचार्ज अध्यापिका शिवांगी ने बताया कि सभी पंजीकृत बच्चे स्कूल पहुंच रहे हैं। खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि समय-समय पर स्कूल का निरीक्षण किया जाता है। पिछले निरीक्षण में शिक्षकों को प्रत्येक कक्षा से 10 मॉडल बच्चे तैयार करने के लिए कहा गया है जिससे कि वह लोगों को स्कूल में नामांकन के लिए जागरुक कर सकें। फर्नीचर की व्यवस्था बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से कराई जानी है। अभी काफी स्कूल ऐसे हैं जहां बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर नहीं है। स्कूल में शिक्षण कार्य ठीक है। उसे और बेहतर करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

“ जिन अफसरों और जनप्रतिनिधियों ने स्कूल गोद लिए हैं। उनकों वहां का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का सुधार करना है। निरीक्षण आख्या मिलने पर स्कूलों में जाकर देखा भी जाता है। साथ ही सुधार में कराया जा रहा है। कई स्कूलों में फर्नीचर नहीं है। जिसकी खरीद चल रही है। जल्द ही सभी विद्यालयों में फर्नीचर मुहैया कराने के लिए प्रयासरत हैं। जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी स्कूलों का विकास कराया जा रहा है।

**– अमित कुमार सिंह बीएसए**

# महाशिवरात्रि के दूसरे दिन खूब हुए भंडारे, उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व के दूसरे दिन शनिवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। शिव विवाह संपन्न होने के बाद शनिवार को जिले में कढ़ी चावल के भंडारे आयोजित किए गए। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक शनिवार को भंडारे हुए। बाबा का भोग लगाने के लिए सुबह से ही गौरीशंकर मंदिर, अर्धनारीश्वर मंदिर, दूधिया नाथ मंदिर समेत अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं की कतार लगना शुरू हो गई। गौरी शंकर मंदिर के महंत जय शंकर शर्मा की ओर से बाबा को भोग लगाकर मंदिर परिसर में भंडारा शुरू कराया गया। भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया गया। जिसे देखने के लिए भीड़ रही। गांधी स्टेडियम रोड पर पंचमुखी हनुमान मंदिर और श्री बालाजी ब्रह्म सिद्ध कीर्तन दरबार में भी पूजा अर्चना के बाद कढ़ी चावल का प्रसाद बांटा गया। दोपहर 11 बजे से भंडारे शुरू हुए और देर शाम तक चले। अशोक कॉलोनी, मोहल्ला साहूकारा, नखासा, शिवनगर कॉलोनी, गौहनिया चौराहा, रेलवे स्टेशन रोड, जेपी रोड, जमुनी चौराहा, रंगीलाल चौराहा, चावला चौराहा, गैस चौराहा, नकटादाना चौराहा, वल्लभनगर, जोशी टोला, आवास विकास कॉलोनी, खकरा, कचहरी रोड आदि इलाकों में कुछ ही दूरी पर कई भंडारे हुए। भक्तों ने भोले बाबा का प्रसाद ग्रहण किया।



गौरीशंकर मंदिर में बाबा के दर्शन पाने के लिए लगी शिवालय में भीड़।

**श्रीनिवास कुंज आश्रम पर हुआ भंडारा-बिलसंडा:** महाशिवरात्रि के दूसरे दिन शनिवार को श्रीनिवास कुंज आश्रम पर भंडारे का आयोजन स्वामी कैलाशदास वेदांताचार्य महाराज की देखरेख में हुआ। इसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता,पंकज जायसवाल,डा. अवधेश शर्मा,विशन चंद्र गुप्ता,अजय जायसवाल, राजीश गुप्ता,सौरभ गुप्ता,दीनदयाल गंगवार,शुशील शर्मा रहे।













# हाईमास्ट लाइट से रोशन होंगे 35 चौराहे, सड़कों का बिछेगा जाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नगरपालिका की ओर से शहर के 35 प्रमुख चौराहों पर हाईमास्ट स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। यह लाइटें शाम होते ही स्वतः जल उठेंगी। भोर होते ही बंद हो जाएंगी। इसके अलावा टूटी सड़कों की मरम्मत और नई 11 सड़कों का भी जाल बिछाया जाएगा।

शनिवार को नगरपालिका सभागार में चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल की ओर से प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि बीते दिनों उन्होंनें लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास मंत्री ए के शर्मा से भेंट कर नगर क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। बोर्ड गठन के बाद नगर पालिका की ओर से शहर में 1500 स्ट्रीट लाइट लगाए जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अब करीब 1200 स्ट्रीट लाइट नगर में स्थापित करने के लिए कार्ययोजना बनाकर स्वीकृति करने के लिए भेजी गई है। इन लाइटों से शहर के करीब 35 प्रमुख चौराहे दूधिया रोशनी से जगमग होंगे। इसके अलावा नेहरू ऊर्जा उद्यान पार्क के विकास एवं सौंदर्यीकरण हेतु डीपीआर कार्ययोजना शासन द्वारा स्वीकृति के लिए भेजी गई है। जिससे जल्दी हरी झंडी मिलने की उम्मीद है। वहीं टूटी सड़कों को ठीक कराने के लिए पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजना के तहत 11 नई सड़कों को बनाया जाएगा। साथ ही पूर्व में 15वें वित्त से स्वीकृति हुए पांच नालों का निर्माण शुरु कर दिया गया है।



मीडिया से बातचीत करतीं चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल।

● **शहर को सुंदर और सुसज्जित बनाने के लिए पालिका ने तैयार की रणनीति**

### उर्दू, संस्कृत व कृषि के पेपर के साथ बोर्ड की परीक्षाएं खत्म

**पीलीभीत।** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शनिवार को समाप्त हो गई। पहली पाली में हाईस्कूल में उर्दू/पंजाबी और इंटर में फोटोग्राफी/परिधान साज का पेपर कराया गया। जबकि दूसरी पाली में सिर्फ इंटरमीडिएट में संस्कृत का पेपर कराया। दोनों पालियों में आयोजित तीन विषय के पेपर में 55 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि 1438 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षाओं के दौरान अभी तक कोई भी नकलची नहीं पकड़ा गया। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के बाद अब कॉपियों के मूल्यांकन की तैयारियां शुरु कर दी गई हैं।

## सार-संक्षेप

### स्टीपलचेज में भारत की ओर से दौड़ेंगे सतीश




**पीलीभीत।** सेना से सेवानिवृत पैरा कमांडो सतीश कुमार शर्मा ने कानपुर व महाराष्ट्र पुणे में हुई मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। उनका चयन यूरोप के स्वीडन में होने वाली विश्व मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 के लिए किया गया है। वह भारत की ओर से 3000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ में प्रतिभाग करेंगे। पैरा कमांडो सतीश कुमार ने बताया कि सेना की ट्रेनिंग और योग का लाभ मिला है। सेना में एसॉल्ट में बाधाओं को पार कर निर्धारित समय में दौड़कर-कूदकर व क्राउलिंग कर पहुंचना होता है। इसका फायदा उन्हें एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मिला। साथ ही योग व प्राणायाम से लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिली। मास्टर्स विश्व चैंपियनशिप में खिलाडियों को अपने खर्चे पर ही जाना होता है। जो खिलाड़ी सरकारी सेवा में होते हैं। उन्हें विभाग की ओर से मदद मिल जाती है। वह इस दौड़ प्रतियोगिता में पीलीभीत से देश के बाहर विश्व स्तर पर प्रतिभाग करने वाले पहले धावक होंगे। इस रेस में बाधाओं को पारकर व पानी में छलांग लगाकर दौड़ना होता है।

### डीएम-एसपी ने चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा



**पीलीभीत।** पुलिस और प्रशासन ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। शनिवार को अधिकारियों ने मंडी समिति पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं। डीएम संजय कुमार सिंह व एसपी अविनाश पांडेय शनिवार को अचानक मंडी समिति जा पहुंचे। जहां उन्होंने स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, ड्यूटी कक्ष, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे और पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल देखा। डीएम ने देखा कि स्ट्रांग रूम बनाने के लिए पर्याप्त स्थान है या नहीं। स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक ईवीएम व वीवी पैट ले जाने के दौरान बेरिकेडिंग किस तरह की जाएगी। स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं को विधानसभा वार देखा गया। सुरक्षा के लिहाज से फोर्स की तैनाती के प्वाइंट भी चेक किए। प्रवेश द्वार को लेकर भी जानकारी की गई। इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व ॠतु पूनिया, एएसपी विक्रम दहिया, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ,एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

### किसानों को दी गई श्री अन्न खेती की जानकारी



**पीलीभीत।** मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम योजना के तहत मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किसानों को श्री अन्न की खेती की जानकारी दी गई। इस दौरान मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता हुई। जिसमें बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग समेत विभिन्न रेस्टोरेंट द्वारा मिलेट्स से तैयार किए गए उत्पादों को शामिल किया गया। शहर के राम इंटर कॉलेज के समीप स्थित एक बैक्वट लॉन में शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने किसानों से विभिन्न विभागों में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। ब्लाक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा एवं ललौरीखेड़ा के ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार ने किसानों से फसलों का फसल बीमा कराने कराने को प्रोत्साहित किया। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार सविता ने मिलेट्स ( ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, सांबा, कुटकी, काकून एवं धीना ) के पोषक तत्वों, मिलेट्स के विभिन्न प्रकारों, उसके उपभोग एवं उत्पादन के बारे बताया। जिला कृषि अधिकारी डॉ. विनोद कुमार यादव श्री अन्न की खेती में पड़ने वाले उर्वरकों की जानकारी दी। इस दौरान मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता हुई। जिसमें बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, रायल किंगडम रिसोर्ट, मबना जप्ती, रायल बाइटस, शिव स्वीट्स, अजन्ता स्वीट्स द्वारा मिलेट्स से बनाए गए उत्पादों को शामिल किया गया। प्रतियोगिता में रायल किंगडम रिसोर्ट ने पहला, बाल विकास एवं पुष्टाहार ने दूसरा, रायल बाइटस ने तीसरा स्थान पाया। जबकि शिव स्वीट्स एवं अजन्ता स्वीट्स को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

# साठा धान पर कागजों में प्रतिबंध..खेतों में हो रही रोपाई

## घट रहा भू-गर्भ जलस्तर, खराब हो रही मिट्टी की सेहत, कागजी फरमान जारी कर जिम्मेदार खामोश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : तराई में भूजल कम होने के साथ मिट्टी की सेहत बिगड़ रही है। इसकी एक बड़ी वजह साठा माना जा रहा है। शासन की ओर से प्रतिबंधित लगाने के बावजूद साठा धान की बड़े पैमाने पर रोपाई की जा रही है। खास बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों ने कागजों में तो साठा धान के उत्पादन पर प्रतिबंध लगा रखा है। मगर हकीकत में इस पर रोक लगाने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए। इस बार भी जिले की पूरनपुर तहसील व अन्य क्षेत्रों में किसान साठा धान की रोपाई कर रहे हैं।

गिरते भूगर्भ जलस्तर और पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्परिणामों के दृष्टिगत सरकार ने साठा धान के उत्पादन पर प्रतिबंध लगा दिया है। पिछले माह कृषि विभाग की ओर से जिले में साठा धान को प्रतिबंधित करने संबंधी आदेश जारी किया गया था। खास बात यह है कि कृषि विभाग के प्रतिबंध लगाने के बाद भी जिले के पूरनपुर व कलीनगर तहसील व अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर साठा धान की नर्सरी तैयार कर ली गई। अब गोमती पुल, शाहगढ़, बराही, केसरपुर, वीरखेड़ा, मथना, मैनाकोट, सेल्हा, पुरैना ताल्लुके महाराजपुर समेत कई अन्य गांवों के किसानों ने साठा धान की रोपाई शुरू कर दी है। इसी तरह साठा धान पर प्रतिबंध का आदेश तो हर साल जारी किया जाता है।

मगर इसे रोकने के लिए निगरानी कोई नहीं करता। हालांकि पिछले सालों में जिला प्रशासन ने साठा धान का उत्पादन करने वाले किसानों को चिह्नित कर कार्रवाई की थी। कई एकड़ जमीन पर खड़ी साठा धान की फसल को जुतवा दिया गया था।


पूरनपुर हाईवे के नजदीक खेत में तैयार की गई साठा धान की पौध। ● अमृत विचार

- पूरनपुर व कलीनगर तहसील समेत जिले के कई क्षेत्रों में की जा रही है साठा की रोपाई

### 60 दिनों में तैयार हो जाता है धान

किसानों के मुताबिक साठा धान की फसल 60 दिनों में तैयार हो जाती है, लेकिन इसको तैयार करने के लिए रोजाना ही सिंचाई की आवश्यकता होती है। साठा धान की पौध फरवरी में ही डलना शुरू हो जाती है। करीब 30 दिन में पौध तैयार हो जाती है। इसके बाद किसान सरसों, गेहूं, गन्ने की पेड़ी के खेतों में साठा धान की फसल मात्र 60 दिन में तैयार कर लेते हैं। एक अनुमान के मुताबिक जिले में करीब छह हजार हेक्टेयर में साठा धान की खेती होती है। खास बात यह है कि सरकारी स्तर पर प्रतिबंधित साठा धान की खरीद नहीं होती है।

### साठा धान की आड़ में हो रही कमाई

जिले में साठा धान राजस्व एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों के लिए कमाई का जरिया बना हुआ है। पूर्व में जिला प्रशासन की सख्ती के बाद राजस्व कर्मियों को साठा धान लगाने वाले किसानों की सूचना दी जाती थी। इसके बाद संबंधित किसान पर कार्रवाई होती थी। मगर, इस बार कोई सख्ती नहीं की गई है, लेकिन किसानों में इसका खौफ बरकरार है। बताते हैं कि किसानों को कार्रवाई का डर दिखाकर कमाई जिम्मेदार विभाग के कर्मचारी करने से बाज नहीं रहे हैं।

"साठा धान के उत्पादन को लेकर जांच कराई जाएगी। यदि पूर्व में भी इसके उत्पादन पर प्रतिबंध लगा है, तो इस पर रोक लगाई जाएगी। –**संजय कुमार सिंह**, डीएम

"साठा धान को लेकर इस साल भी प्रतिबंध लगाया गया है। हमारी टीमें किसानों को साठा धान रोपाई से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक कर रही हैं। ये अपील की जा रही है कि किसान भी सहयोग करें और साठा धान न लगाएं। –**संतोष कुमार सविता**, उपनिदेशक कृषि

## व्यापार मंडल का प्रांतीय अधिवेशन आज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का प्रांतीय अधिवेशन रविवार को नकटादाना चौराहा के पास एक बरात घर में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार रहेंगे। जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी ने बताया कि रविवार सुबह साढ़े नौ बजे बरेली हाईवे पर टाइगर तिराहा से व्यापारी प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में रोड शो निकालकर कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। पूर्वाह्न 11 बजे अधिवेशन शुरू होगा। इसमें कई लोग पुरस्कृत किए जाएंगे। इधर, युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल के निर्देश पर प्रदीप सिंह राजू को युवा विंग का घुंघचाई क्षेत्र का अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि रानू गुप्ता उपाध्यक्ष, अनुज त्रिवेदी को महामंत्री, जितेंद्र अग्निहोत्री को चेयरमैन और अंग्रेज सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उनसे दस दिन के भीतर कमेटी गठित करने और प्रांतीय अधिवेशन में सक्रिय भागीदारी करने को निर्देशित किया गया है।

# ओम प्रकाश मंजुल को व्यंग्य शिरोमणि साहित्य सम्मान

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** उर्मिला स्मृति दिवस पर हिंदी साहित्य संगम-बिलसंडा के तत्वावधान में आयोजित ''प्रतिभा अलंकरण'' समारोह में साहित्यकार ओम प्रकाश मंजुल को ''व्यंग्य शिरोमणि'' से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामशरण वर्मा ने उन्हें यह सम्मान दिया है।

आर्य समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता और गांधी स्मारक इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार मिश्रा की दिवंगत पत्नी साहित्यकार उर्मिला मिश्रा की स्मृति में यह समारोह हुआ। पूरनपुर के ओम प्रकाश मंजुल के अलावा सतीश मिश्र और रामऔतार शर्मा को भी यह सम्मान मिला है। समारोह में सह-अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ कवि देवेंद्र देव मौजूद रहे। चार दिवसीय समारोह में उर्मिला मिश्रा के साहित्यिक और सामाजिक योगदान का स्मरण किया गया। इस दौरान कई साहित्यिक कृतियों और पुस्तकों का विमोचन भी हुआ।


पूर्व मंत्री रामशरण वर्मा के साथ साहित्यकार ओम प्रकाश मंजुल।

## पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**माधोटांडा, अमृत विचार:** ग्राम बंदरभोज की निवासी रीना देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी सात साल पहले गांव के ही रमेश से हुई थी। दहेज में बाइक व नकदी की मांग पूरी न होने पर ससुराल वाले आए दिन मारपीट करते थे। कई बार पंचायत कर समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। करीब तीन माह पूर्व उन्हें पीटकर घर से निकाल दिया था। तब से मायके में रहती रही। दो माह पूर्व पति ने रास्ते में घेर कर मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामले में पति रमेश,निर्मला देवी, राजकुमार,जोगिंदर,मुकेश कुमार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ अचल कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# पीलीभीत के युवक की हल्द्वानी में संदिग्ध हालात में मौत, कोहराम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ईंट डिपो संचालक ने शव भाई को सुपुर्द कर गांव भिजवाया
- परिजनों की तहरीर पर सुनगढ़ी पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**अमृत विचार :** हल्द्वानी में ईंट डिपो पर मजदूरी करने गए पीलीभीत के श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। डिपो संचालक ने परिजनों को सूचना देने के बजाय किराए की गाड़ी में शव गांव भिजवा दिया। परिजनों के तहरीर देने पर सुनगढ़ी पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया।

सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम सड़ा गौटिया निवासी रूप बसंत (25) पुत्र रामस्वरूप करीब एक माह पहले गांव के लोगों के साथ उत्तराखंड के हल्द्वानी में एक ईंट डिपो पर काम करने गया था। रूप बसंत का बड़ा भाई यशपाल हल्द्वानी में ही करीब पांच किमी आगे काम करता है। शुक्रवार सुबह हल्द्वानी में रूप बसंत की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। इसका पता लगने पर बड़ा भाई यशपाल ईंट डिपो गया। बताते हैं कि तब तक डिपो संचालक ने रूप बसंत का शव कपड़े में लपेटकर किराए की गाड़ी में रखवा दिया।। वहीं साथ में काम करने वाले गांव के कुछ लोग भी गाड़ी में बैठाए गए। भाई यशपाल के पूछने पर तबियत खराब होने की बात कह दी गई। मगर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। भाई व अन्य ग्रामीण शव लेकर गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया।

इसके बाद परिजनों ने सुनगढ़ी थाने जाकर तहरीर दे दी। शनिवार को सुनगढ़ी पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इंस्पेक्टर संजीव शुक्ला ने बताया कि श्रमिक की मौत उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई है। परिवार वालों ने मौत की वजह जानने के लिए पोस्टमार्टम की मांग की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत की वजह स्पष्ट हो कसेगी।





ADMISSION SCHOLARSHIP TEST ON 17TH MARCH 2024

# गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल
बना पीलीभीत का सबसे लोकप्रिय स्कूल, गूगल रेटिंग 4.8 के साथ
BEST SCHOOL IN PILIBHIT Google 4.8 RATING

दूधिया मंदिर रोड, पीलीभीत मो० 8979873380 | पीलीभीत बरेली रोड, ललौरीखेड़ा मो० 9917184380 | पीलीभीत बीसलपुर रोड जंगरोली पुल मो० 9557262013

किसी भी बच्चे का व्यक्तित्व निखारने व उसका भविष्य संवारने में, सर्वाधिक भूमिका विद्यालय की होती हैं और अभिभावकों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी अपने बच्चों के लिए एक बेहतरीन विद्यालय का चुनाव करना है।
ऐसा करते समय हर अभिभावक को एक बेहतरीन शिक्षा प्राप्त करने हेतु किए गए अपने संघर्ष का स्मरण अवश्य ही होता है। चाहें वह साधनों व उत्तम सुविधाओं हेतु दूसरे शहरों में जाकर अध्ययन करना या फिर इन सभी के अभाव से समझौता कर अध्ययन करना।
अभिभावकों की इसी दुविधा का समाधान बनकर उभर रहा है जिले का पहला सी. आई. एस. सी. ई. बोर्ड से संबद्ध विद्यालय 'गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल'।

गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड विद्यालय पिछले 15 वर्षों से अपनी गुणवत्तापूर्वक शिक्षा, छात्रों के समग्र विकास व अपने अध्ययन प्रतिरूप हेतु जाना चाहता है।

प्र0– क्या है सी. आई. एस. सी. ई. बोर्ड?
''जब अंग्रेजी भाषा की शिक्षा की बात आती है तब (CISCE) बोर्ड अपने उच्च मानकों के लिए माना जाता है।
इस बोर्ड की योग्यता विदेशी स्तर पर भी मानी जाती है इस बोर्ड के छात्रों की नींव अंग्रेजी में मजबूत होती है जो आज के समय की जरूरत भी है।''
CISCE बोर्ड की स्थापना 1958 में (Cambridge University) कैंब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा भारत में की गई।भारत में इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।
काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट (Council for the Indian School Certificate) भारत में स्कूली शिक्षा का एक राष्ट्रीय स्तर का बोर्ड है जो दसवीं कक्षा के लिए (Indian Council for Secondary Certificate) {ICSE} इंडियन काउंसिल फॉर सेकेंडरी एग्जामिनेशन व 12वीं कक्षा के लिए (Indian School Certificate) {ISC} इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षाएं व प्रमाण पत्र आयोजित करता है।

सी. आई. एस. सी. ई. बोर्ड की विशेषताएं:-
i.) एक भाषा के रूप में अंग्रेजी पर अधिक जोर :– यह बोर्ड छात्रों को अंग्रेजी साहित्य एवं लेखन शैलियों की विस्तृत श्रृंखला से अवगत कराता है जिससे उनके भाषा कौशल में विकास होने के साथ–साथ अंग्रेजी संचार कौशल में भी वृद्धि होती है।
ii.) व्यवहारिक शिक्षा पर देता है विशेष ध्यान :– इस बोर्ड में (Theory) से अधिक (Practical & Project) पर बल दिया जाता है यह करके सीखने का नियम लागू करता है।
iii.) यह पाठ्यक्रम छात्रों को पारंपरिक शैक्षणिक विषयों से परे समग्र शिक्षा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। दुनिया भर में कई प्रसिद्ध विश्वविद्यालय सी. आई. एस. सी. ई. बोर्ड की योग्यता स्वीकार करते हैं, जिससे यह विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों के लिए एक आदर्श विकल्प बन जाता है।
iv.) प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी:– इस बोर्ड का अध्ययन छात्रों को JEE, NEET & NDA जैसी परीक्षाओं के लिए तैयार करता है
v.) कक्षा के अनुसार कर देता है विषय विभाजनः
• यह बोर्ड कक्षा 3 से विज्ञान व सामाजिक अध्ययन को विभाजित कर देता है।
• कक्षा 6 से विज्ञान (रसायन, भौतिक व जीव विज्ञान),सामाजिक अध्ययन (इतिहास, भूगोल व नागरिक शास्त्र) में विभाजित हो जाता है।
• कक्षा 9 से छात्रों को विषय वर्ग चुनने का विकल्प मिल जाता है।

गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड विद्यालय द्वारा प्रदत्त सुविधाएं:-
1.) न्यूनतम शुल्क पर बेहतरीन शैक्षिक परिणाम।
2.) चार्ट, मॉडल व दृश्य– श्रव्य साधनों से सुसज्जित कक्षाएं।
3.) सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में पूर्ण रूप से सुरक्षित विद्यालय परिसर।
4.) विद्यालय बसों में महिला अध्यापकों की निगरानी।
5.) छात्रों हेतु स्मार्ट कक्षा का प्रबंधन।
6.) छात्रों में अनुशासन व शारीरिक विकास हेतु कराटे व योग कक्षाएं।
7.) आधुनिक तकनीकों व उपकरणों से सुसज्जित जीव, रसायन, भौतिक विज्ञान व कंप्यूटर लैब।
8.) समग्र अध्ययन हेतु विभिन्न पुस्तकों से सुसज्जित विशाल पुस्तकालय।
9.) विभिन्न अतिरिक्त गतिविधियों के माध्यम से छात्रों का ध्यान सामाजिक मुद्दों की तरफ खींचना।
10.) अनुभवी कोच के द्वारा जिला व राष्ट्रीय स्तर स्पोर्ट्स की तैयारी।
11.) प्रशिक्षित व अनुभवी अध्यापक द्वारा संगीत शिक्षा।
12.) शिक्षा को दिलचस्प व तनाव मुक्त रखने हेतु जुंबा व नृत्य कक्षाएं।
13.) स्कूल बसों द्वारा न्यूनतम शुल्क पर विद्यालय परिसर पहुंचाने हेतु यातायात का उच्च प्रबंध।
14.) सुयोग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं।

गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल के प्रयास:-
1. नेतृत्व कौशल का निर्माण 2. प्रतिभा प्रदर्शन के अवसर 3. आविष्कारक दृष्टिकोण
4. छात्रों का शारीरिक मानसिक व सामाजिक विकास 5. शैक्षिक क्रियाकलाप
6. रटंत पद्धति का बहिष्कार

चेयरपर्सन की कलम से ..................
अरस्तु के अनुसार विद्यालय का उद्देश्य तार्किक क्षमता का विकास और अभ्यास करना, नैतिक चरित्र का निर्माण करना व कौशल और ज्ञान का आधार प्रदान करना है। जिसका संबंध व्यावहारिक और सामाजिक शिक्षा से है।
गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड विद्यालय में हमारा प्रयास है कि हम अपनी शिक्षा के माध्यम से अपने छात्रों के रूप में बेहतर नागरिक तैयार कर सकें। हमारा मुख्य लक्ष्य प्रत्येक छात्र की क्षमता को पहचानकर उसे एक सही दिशा देना है जिससे वह अपने सपनों की उड़ान को पंख लगाकर मॉम्स प्राइड के साथ उन्हें पूरा कर सकें।
विगत 15 वर्षों से हमने अपने ध्येय को बरकरार रखा है जिस कारण आज हमारा नाम सुनहरे अक्षरों में लिखा जाता है। गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड विद्यालय स्पष्ट रूप से कहता है – "हम एक ऐसे समाज का निर्माण करेंगे, जहां बच्चे की शिक्षा उसके लिए मनोरंजन हो जिससे उनके सपनों को सही दिशा मिल सके।"




# खेतों के किनारे खोदी जा रही मिट्टी, फसलें हो रहीं बर्बाद


खेतों के किनारे जेसीबी से की जा रही मिट्टी की खोदाई। ● अमृत विचार

संवाददाता, माधोटांडा

- माधोटांडा-गुलाबटांडा मार्ग पर 500 मीटर सड़क का 21 लाख से हो रहा निर्माण

**अमृत विचार :** सड़क पर डालने को खेतों के किनारे से मिट्टी की खुदाई की जा रही है। इससे फसलों को नुकसान हो रहा है, जिससे किसान परेशान है। मगर उनकी सुनने वाला कोई नहीं है।

कार्य के दौरान मिट्टी निकालने के लिए की जा रही जेसीबी से खुदाई दर्जनों किसानों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। खेत के किनारे की मिट्टी निकालते वक्त किसानों का आरोप है कि फसल को नुकसान पहुंच रहा है। ठेकेदार के कर्मचारी विरोध के बाद भी सुन नहीं रहे हैं। लिहाजा किसान फसल की कटाई करने में जुट गए हैं। ताकि नुकसान से बचा जा सके।

माधोटांडा से गुलाबटांडा जाने वाले लिंक मार्ग पर 21 लाख रुपये की लागत से जिला पंचायत द्वारा सड़क बनवाई जा रही है। यहां करीब 500 मीटर के हिस्से का निर्माण कार्य होना है। शुक्रवार को इस पर काम शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर डालने के लिए मिट्टी दूसरी जगह से लाने के बजाय जेसीबी के जरिए रोड किनारे से खादी जा रही है। यहां के खेमकरन, निसारशाह, शमशाद, मोबाइल, दर्शपाल, संदीप आदि किसानों का कहना है कि उनके खेतों में गेहूं, लाही और मटर की फसल खड़ी है।

जेसीबी से मिट्टी खोदे जाने से फसल खराब हो रही है। फसल कटने में 10 से 15 दिन लगेंगे। मिट्टी खोदने के लिए पहले से कोई जानकारी नहीं दी गई। सीधे जेसीबी लाकर खुदाई शुरू कर दी गई है। किसानों ने फसल काटने की मोहलत मांगी तो उनकी सुनी नहीं गई।

"इस मामले में कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। मगर मामला संज्ञान में आया है। ऐसे में मौके पर टीम भेजकर दिखवाया जाएगा और समाधान कराया जाएगा। – **आशुतोष गुप्ता**, एसडीएम कलीनगर

### रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक




**पूरनपुर।** कस्बे के उच्च प्राथमिक विद्यालय से शनिवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। रैली को एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना कराया। बच्चों ने मतदान का महत्व बताते हुए लोगों को जागरूक किया। वह स्लोगन लिखी तख्तियां और नारे लगाते हुए चल रहे थे। कस्बे के प्रमुख मार्गों से रैली निकाली गई। मतदान करने की शपथ दिलाई गई। अपील की गई कि मतदान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेकर सशक्त सरकार बनाएं। इस मौके पर सोसाइटी के जिला सचिव कौशलेंद्र भदौरिया, डा. मंदीप सिंह, प्रधानाचार्य बृजेश शुक्ला, इंदु गंगवार, मोहम्मद आलम गुरप्रीत कौर आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### प्राथमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया



**दियोरियाकलां।** प्राथमिक विद्यालय अकोड़ा नौगमियां में शनिवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। प्रबंध समिति सदस्य श्रीपाल ने दीप प्रज्जवलित किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर अभिभावकों का मन मोह लिया। ग्राम प्रधान रामश्री, इंचार्ज अध्यापिका जसोदा देवी, सहायक अध्यापक धनंजय कुमार आदि ने शिक्षा का महत्व बताया। इंचार्ज अध्यापिका जसोदा देवी ने कहा कि बच्चों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी है। शिक्षण कार्य के साथ इस तरह के कार्यक्रम भी होते रहने चाहिए। बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

### राशन की दुकान न बनने पर आंदोलन करेगी भाकियू



**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की शनिवार को मासिक पंचायत सदर तहसील में जिलाध्यक्ष पातीराम कश्यप की अध्यक्षता में हुई। इसमें कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सदर तहसील के अफसर व कर्मचारियों ने अगर ग्राम पंचायत बरहा में अन्नपूर्णा राशन की दुकान का निर्माण नहीं कराया गया तो इस बार आर–पार की जंग होक। पूर्व में इसके लिए आंदोलन ग्राम पंचायत बरहा में किया गया था, लेकिन आगे तहसील परिसर में किया जाएगा। जिला महामंत्री राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि कई गांवों में आंगनबाड़ी पोषाहार नहीं बांट रही हैं। खासकर अमरिया क्षेत्र के अधिकारी इस पर ध्यान दें। शौचालय विहीन परिवारों को लाभान्वित किया जाए। ग्राम पंचायत उमरसड़ में पंचायत सचिवालय का निर्माण कराने की मांग की गई। इस मौके पर मंडलीय सचिव मुरलीधर कश्यप, वीरेंद्र पाल आर्य, आशिक हुसेन अंसारी, आदेश कुमार भारती, धर्मपाल गंगवार, नन्ही देवी, माधुरी देवी आदि मौजूद रहे।

### पहले मतदान करें, फिर दूसरे काम को जाएं




**बीसलपुर।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को जनपदीय स्वीप कोऑर्डिनेटर एसएन इंटर कॉलेज के शिक्षक इंतजार खान की ओर से राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम किया गया। विधानसभा चुनाव 2022 में यहां के बूथ नंबर 375 पर 53 .89 प्रतिशत, 376 पर 43 .93 प्रतिशत, 377 पर 59 .41 प्रतिशत और 378 पर 54 .55 प्रतिशत मतदान हुआ था। कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं को वोट का महत्व बताया गया। जागरूकता वाले ग्रीटिंग कार्ड बांटे गए। लोकसभा चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। खुद तो वोट डालें और दूसरों को भी प्रेरित करते रहें। खेल प्रभारी डॉ. विचित्र, दिलशाद, बीएलओ किरन देवी, बरखा सागर, पुष्पा देवी, पूनम देवी ने भी विचार रखे। इसके बाद शफी डिग्री कॉलेज में नवीन वोटरों एवं महिला मतदाताओं को जागरूक किया गया। जागरुकता रैली भी निकाली गई। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र कुमार, प्रवक्ता चिरंजीव गंगवार, रविन्द्र पाल सिंह गंगवार, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे। सूरजभान डिग्री कॉलेज में भी मतदाता जागरूकता ग्रीटिंग कार्ड बांटे गए और शपथ दिलाई गई।

### गौरी, नेहा, रचित व अवनि के मॉडल सबसे अच्छे



**पीलीभीत।** स्प्रिंगडेल कॉलेज में शनिवार को विज्ञान एवं आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी लगाई गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न मॉडल पेशकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निदेशिका सरोज जगोता, संरक्षक आरपी जगोता ने फीता काटकर प्रदर्शनी की शुरुआत कराई। विद्यार्थियों ने प्रदूषण व गति के प्रकार, आई फंक्शन, चंद्रयान, सोलर पैनल, वेस्ट वाटर प्यूरीफायर, इलेक्ट्रिक लिफ्ट, इलेक्ट्रिक वॉटरिंग इन प्लांट्स, सोलर सिस्टम, वैक्यूम क्लीनर आदि साइंस वर्किंग मॉडल बनाए। क्राफ्ट में विद्यार्थियों ने बेकार सामान से सजावट की वस्तुएं वॉल हैंगिंग, गुलदस्ते, शोपीस आदि बनाए। विज्ञान सीनियर विंग से गौरी प्रथम, अनुष्का, चांदनी, विशाखा द्वितीय, प्रशान्त, अनुज, आदर्श तृतीय स्थान पर रहे। जबकि जूनियर विंग में आकर्ष कुमार वर्मा को प्रथम, हर्ष व अंश को द्वितीय और अवनि व एल्जा को तृतीय स्थान मिला। आर्ट एंड क्राफ्ट में सीनियर विंग के ऋषभ, अनन्या व पवनदीप कौर ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर विंग में नेहा वर्मा, रचित प्रजापति व अवनि चौरसिया ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### उज्मा मिस और सूर्यकांत मिस्टर फेयरवेल चयनित



**पीलीभीत।** पुष्प इंस्टीट्यूट में बीएड विभाग की ओर से फ्रेशर एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन शनिवार को किया गया। इसकी शुरुआत प्रबंध निदेशक डॉ. एसपीएस संधू, अनुज भटनागर, रचना भटनागर, प्राचार्य डॉ. मोहम्मद सलीम, उप प्राचार्य डॉ. गीतिका शुक्ला ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित करके की। प्रथम प्रस्तुति बीएड की छात्रा कंचन ने सरस्वती वंदना के साथ की। बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा प्रदक्षणा, कल्पना, रति पांडे, उजमा अंसारी ने सांस्कृतिक नृत्य पेश किया। द्वितीय वर्ष की छात्रा अदिति व रिफा ने गुजराती नृत्य की प्रस्तुति दी। छात्र सूर्यकांत तिवारी व सोनल ने गीत गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सोनल प्रजापति ने होली नृत्य की प्रस्तुति दी। बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा इतिशा को मिस फ्रेशर और सूर्यकांत तिवारी को मिस्टर फेयरवेल, उजमा को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। निदेशक अनुज भटनागर ने छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन तरंग, मुबशिरा व सौम्या ने किया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र कुमार, डॉ विनीता, डॉ. ओम महेश, हरेंद्र सिंह रावत आदि प्रवक्ता मौजूद रहे।

# सीतापुर का गैंग करता था ई-रिक्शा चोरी, तीन गिरफ्तार

## चालक ने ई-रिक्शा चोर पकड़ा तब हुआ खुलासा, आरोपियों की निशानदेही पर चार ई-रिक्शा बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


सदर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में ई-रिक्शा चोरी के आरोपी।

> सीतापुर का गैंग शहर में वारदात कर रहा था। गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं। इनके कब्जे से चार ई-रिक्शा भी बरामद हुए हैं। आरोपियों का चालान कर दिया गया है। **-अंबर सिंह**, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर

**अमृत विचारः** सीतापुर का गैंग पिछले दो महीने से शहर में ई-रिक्शा चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। इस बात का खुलासा दो दिन पूर्व ई-रिक्शा चोरी कर ले जाते समय पकड़े गए एक युवक से पूछताछ के बाद सदर कोतवाली पुलिस ने किया है। पुलिस ने उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर तीन अन्य ई-रिक्शे बरामद किए हैं।

शहर में ई-रिक्शा चोर गैंग करीब दो महीने से सक्रिय था। पुलिस ने आरोपियों को तलाश करना जरूरी नहीं समझा। इतना ही नहीं घटना को छुपाने के लिए रिपोर्ट दर्ज करने में हीलाहवाली करती रही। इससे अपराधी बेखौफ होकर लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पुलिस जांच की बात कहकर पीड़ितों को टरकाती रही।छह मार्च की शाम वी मार्ट के पास चोर ई-रिक्शा लेकर भागने लगे। शहर से सटे गांव सलेमपुर निवासी चालक मानू ने हिम्मत जुटाई और चोरों का पीछा किया। उसने रिक्शा समेत सीतापुर जिले के थाना लहरपुर के मोहल्ला शेख टोला निवासी सादाब पुत्र जमील अहमद को आसपास के लोगों की मदद से पकड़ लिया। भीड़ ने आरोपी की पिटाई की थी और पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने जब आरोपी से पूछताछ की तो उसने कई चौंकाने वाले खुलासे किए।

उसने अपने साथियों के नाम मोहम्मद साबान निवासी शेख टोला और मोहम्मद अशफाक निवासी मोहल्ला कटरा थाना लहरपुर (सीतापुर) बताया। उसने पुलिस को बताया कि वह लोग नशीला पदार्थ खिलाकर भी ई-रिक्शा लूट ले जाते थे, जिन्हें काटकर उनके पार्ट्स बेच देते थे। पुलिस ने गैंग के भागे हुए मोहम्मद साबान और मोहम्मद अशफाक को भी गिरफ्तार कर लिया और तीनों की निशानदेही पर चोरी किए गए चार ई-रिक्शा सीतापुर से बरामद किए हैं। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया आरोपियों के कब्जे से चोरी के चार ई-रिक्शा बरामद किए हैं। इनमें एक ई-रिक्शा छह मार्च को डॉन बॉस्को स्कूल के पास से चोरी किया गया था। दूसरा ई-रिक्शा राजापुर पुलिस चौकी के पास से 25 फरवरी को चोरी किया था। दो अन्य ई-रिक्शा कहां के हैं और उनके वाहन स्वामी कौन हैं इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने शनिवार को आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने तीनों को जेल भेज दिया है।

### आरोपियों के पकड़े जाने पर पुलिस ने लिखी रिपोर्ट

**लखीमपुर खीरी।** शहर से सटे गांव सलेमपुर निवासी अभिषेक कुमार का ई-रिक्शा 25 फरवरी की सुबह करीब आठ बजे राजापुर चौराहा स्थित पुलिस चौकी के पास से चोरी हो गया था। ई-रिक्शा मालिक न घटना की तहरीर अज्ञात के खिलाफ दी थी। पुलिस ने तहरीर तो ले ली थी, लेकिन पुलिस ने जांच की बात कहकर रिपोर्ट दर्ज करने से टाल दिया था। ई-रिक्शा बरामदगी होने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### आरोपियों पर की जाएगी गैंगस्टर की कार्रवाई

**लखीमपुर खीरी।** शहर में पुलिस को नाकों चने चबाने वाले ई-रिक्शा चोर गैंग पंजीकृत कर गिरफ्तार गैंग के तीन सदस्यों पर पुलिस गैंगस्टर की कार्रवाई करेगी। इसको लेकर कागजी तैयारी भी शुरू हो गई है। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि आरोपी शातिर अपराधी हैं। इनके खिलाफ गैंगस्टर की भी कार्रवाई की जाएगी।

# पांच दिन बाद भी दर्ज नहीं हुई ट्रैक्टर लूट की रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रोशननगर में पांच मार्च की रात में सशस्त्र बदमाशों ने लालाराम पाल के घर धावा बोलकर मां-बेटा की पिटाई कर उसका ट्रैक्टर लूट लिया था। विरोध करने पर लालाराम पाल और उसकी मां को धारदार हथियारों से प्रहार कर घायल भी कर दिया था। शोर मचाने पर जब ग्रामीण एकत्र हुए तब बदमाश लूटा गया ट्रैक्टर कुछ दूरी पर गुलशन-ए-मदीना स्कूल के पास छोड़कर भाग निकले थे। लालाराम पाल की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर मौके पर 315 बोर रायफल के दो कारतूस मिले थे। ग्रामीणों को अनुमान है कि बदमाश पूरी तैयारी के साथ आए थे। इस घटना के पांच दिनों बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। यही कारण है कि इलाके में आपराधिक वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

# डेढ़ साल बाद पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर लिखी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- स्कूल में तोड़फोड़ कर उठा ले गए दस्तावेज और कीमती सामान

**अमृत विचारः** थाना व कस्बा खीरी के स्टेशन रोड मोहल्ला डीहपुर में स्थित स्कूल में तोड़फोड़ कर दस्तावेज और 40 हजार रुपये का कीमती सामान उठा ले जाने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक युवक को नामजद कर तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला अतिया कॉलोनी निवासी सलीम अहमद ने बताया कि वह अलइसलाह एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी का प्रबंधक हैं और डीहपुर में विजडम इंटरनेशनल स्कूल का संचालन करते हुए जरूरतमंद गरीब बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराते हैं। घटना 20 मार्च 2022 की है। विजडम इंटरनेशनल स्कूल के भवन में सुबह करीब 11:30 बजे मोहम्मद अहमद खान निवासी सैयदवाड़ा अपने तीन साथियों के साथ लाठी डंडा, घन व हथौड़ा आदि लेकर सामने की दीवार तोड़कर कार्यालय में घुस आए। संस्था के दस्तावेज व 40 हजार रुपये का जरूरी कीमती सामान ले गए। कुर्सी और मेज तोड़ने लगे। इसकी जानकारी होने पर वह स्कूल पहुंचे और विरोध किया तो आरोपी स्कूल बंद करने की धमकी देते हुए चले गए। वह घटना की शिकायत लेकर पुलिस चौकी खीरी टाउन गए, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण की जांच की जाएगी।

# परीक्षा हुई समाप्त, छात्राओं ने खेली होली

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


परीक्षा खत्म होने के बाद रंग खेलतीं छात्राएं। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शनिवार को खत्म हो गईं। इससे छात्र-छात्राओं में जहां खुशी है वहीं जिला प्रशासन से लेकर डीआईओएस कार्यालय के लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं परीक्षा देकर निकली छात्राओं ने साथियों संग रंग लगाकर होली खेली और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी को शुरू हुई थीं। इसमें पंजीकृत 91153 छात्र-छात्राओं के लिए 137 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिन शनिवार को पहली पाली में हाईस्कूल के उर्दू व पंजाबी विषय के साथ इंटरमीडिएट के विभिन्न ट्रेड विषयों का पेपर हुआ। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के संस्कृत और कृषि गणित व कृषि रसायन विज्ञान की परीक्षा हुई। शनिवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं समाप्त होने से जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली। आर्यकन्या इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर पेपर देकर निकली छात्राओं ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकमनाएं दीं। छात्राओं ने बताया कि पेपर खत्म होने और करीब आ रहे होली त्योहार को लेकर खुशी है। मगर, होली पर सहेलियों से मिलना नहीं हो पाएगा, क्योंकि विद्यालय बंद होने के कारण सभी लोग घर पर रहेंगे। इसलिए रंग खेलकर एक-दूसरे को रंगोत्सव की शुभकामनांए दी हैं।

- एक-दूसरे को गुलाल लगाकर दीं शुभकामनाएं

> यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शनिवार को सकुशल संपन्न हो गई। सभी के सहयोग से परीक्षा नकलविहीन और शांतिपूर्वक समाप्त हो गई। अब उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है, जिसकी तैयारी शुरू करनी है। इस बार तीन मूल्यांकन केंद्र प्रस्तावित हैं। **-डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह**, डीआईओएस।



### सड़क निर्माण से दुधवा जाने का मार्ग होगा आसान

**कुकरा।** पलिया विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक बांकेगंज की 10 ग्राम पंचायतें आती हैं। प्रधानों ने जनता के साथ विधायक का आभार जताते हुए कहा कि इस रोड का भूमि पूजन किया गया है। क्षेत्र की जनता कई वर्षों से इंतजार करते थक चुकी थी। विधायक रोमी साहनी ने बताया कि उन्होंने इस रोड को बनवाने का वचन दिया था। क्षेत्र की जनता को दुधवा जाने में सुविधा होगी।

# पूजन कर कुकरा-गोला सड़क का विधायक ने शुरू कराया निर्माण


कुकरा गोला सड़क के पुनर्निर्माण का पूजन करते विधायक रोमी साहनी। • अमृत विचार

संवाददाता, कुकरा-खीरी

- 6.45 करोड़ से होगा सड़क का चौड़ीकरण व पुनर्निर्माण

**अमृत विचारः** पलिया विधायक रोमी सहनी ने चुनाव में कुकरा से गोला जंगल के मध्य जर्जर हो चुके कुकरा क्षेत्र के प्रमुख मार्ग का चौड़ीकरण व हाटमिक्स से पुनर्निर्माण का पूजन कर वादा पूरा किया है। यह सड़क 6.45 करोड़ रुपया से बनेगी।

शनिवार को विधायक रोमी साहनी ने गोला से कुकरा जंगल रोड का भूमि पूजन विधि विधान से किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि रोड में किसी किस्म की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मानक के अनुरूप ही कार्य कराया जाए। विधायक प्रतिनिधि रोमी कक्कड़, प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रधान हरजिंदर सिंह, वेदप्रकाश वैदू, रामसरन, किसान सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष गुरुदत्त सिंह, भाजपा नेता मुन्ना खान, सादिक हुसैन, पूर्व प्रधान विक्रम जोशी सहित भाजपा, अपना दल एस के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# होलिका दहन की जमीन को लेकर फिर उपजा विवाद, एसडीएम सख्त

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- कई लोगों ने थाना दिवस में पहुंचकर की शिकायत
- एसडीएम सदर ने होलिका दहन कराने के दिए निर्देश


थाना समाधान में अधिकारियों से होलिका दहन की जमीन पर कब्जे की शिकायत करते लोग।

**अमृत विचारः** थाना व कस्बा खीरी के मोहल्ला रामदास पट्टी में होलिका दहन को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया। बड़ी संख्या में लोग शनिवार को थाना समाधान दिवस में पहुंचे और होलिका दहन स्थल की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने दोनों पक्षों को यथास्थिति बनाए रखने और राजस्व कर्मचारियों को होलिका दहन कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने दो टूक कहा कि अगर किसी ने माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को मोहल्ला रामदास पट्टी के तमाम लोग थाना समाधान दिवस में पहुंचे और होलिका की जमीन पर दूसरे पक्ष पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत कर्ताओं का आरोप है कि दशकों से कथित जमीन पर होलिका दहन होता चला आ रहा है, लेकिन राजस्व कर्मचारियों की हीला हवाली से दूसरा पक्ष उस पर आरा मशीन लगा रहा है। विवाद की सूचना को एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह ने गंभीरता से लिया। वह सदर कोतवाली से थाना खारी पहुंची और दोनों पक्षों से बातचीत की। एसडीएम ने मामले में कड़ा रुख अख्तियार किया है। उन्होंने यथास्थित बनाए रखने के आदेश दिए हैं। साथ ही राजस्व कर्मियों से होलिका दहन कराने की बात कही है। एसडीएम ने बताया कि दोनों पक्षों को पांच-पांच लाख रुपये से मुचलका पाबंद किया जा रहा है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पिटाई से घोड़े की मौत के मामले में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- कोर्ट के आदेश पर थाना ईसानगर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचारः** थाना ईसानगर पुलिस ने गांव फुसही गौढ़ी में तीन फरवरी 2024 को पिटाई से घोड़े की मौत मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घोड़ा घर से छूटकर आरोपियों के दरवाजे पर पहुंच गया था। आरोप है इससे नाराज आरोपियों ने घोड़े की पिटाई की और भाला आदि घोंप दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

गांव फुसही गौढ़ी निवासी पैकरमा ने बताया कि घटना तीन फरवरी 2024 की है। शाम करीब आठ बजे उसका घोड़ा छूटकर पड़ोसी के घर के सामने चला गया। इससे पड़ोसी जगमोहन, पप्पू, फूलमती, नेहा व गोबरे ने लाठी-डंडा व भाला लेकर उसके घोड़े को घेर लिया। उसे मारने पीटने लगे। पप्पू ने घोड़े के पीछे भाला मार दिया। बाकी लोग लाठी-डंडों से पीटते रहे। जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचा। तमाम ग्रामीण भी मौजूद थे। सभी ने घोड़े को मारने से मना किया, लेकिन आरोपी नहीं माने।

आरोपी जबरन अपने ट्रैक्टर से बांधकर घोड़े को घसीटने लगे, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। आरोपियों ने वहीं पास में ही गड्ढा खोदकर घोड़े को दफना दिया। आरोपियों ने जान से मार डालने की धमकी देते हुए कहा कि जैसे घोड़े को मारा है वैसे ही इसे मार डालो। उसने थाने में शिकायती पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। डीएम और एसपी ने भी शिकायती पत्र देने के बाद कोई कार्रवाई नहीं की। थाना ईसानगर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# शुभकामना पर्व मनाकर छात्रों को दी गई विदाई

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार** : आवास विकास स्थित डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को कक्षा सात के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियरों को शुभकामना पर्व मनाकर विदाई दी। आरंभ सरस्वती पूजन से हुआ। कक्षा सात की छात्राओं ने विदाई गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। छात्र आशीष पुष्कर व शिवांक ने शिक्षकों के प्रति विचार प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि डॉ. हेमनिधि दीक्षित, विशिष्ट अतिथि डॉ. अमित शुक्ला, डॉ. राहुल वर्मा ने छात्रों को शुभकामनाएं देकर लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। संचालन शिक्षक श्याम बल्लभ शुक्ल ने किया। प्रधानाचार्य राममणि मिश्र सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




## सपा ने बैठक कर चुनावी तैयारियों पर दिया जोर

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार** : सपा कार्यालय लोहिया भवन पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें लोक सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही सपा का प्रदेश सचिव मनोनीत किए जाने पर श्रीकृष्ण राज को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सपा जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहा है। हमारी तैयारियां उतनी ही तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपने बूथ और सेक्टर के मतदाताओं के घर जाकर सपा की नीतियां बताएं। पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने कहा कि अपने जनसंपर्क अभियान में किसानों के मुद्दे उठाएं। किसानों को जनपद और प्रदेश में रौंदा गया है। इसे प्रमुखता से उठाएं। जिले के करीब 35 हजार पुलिस भर्ती आवेदकों के बीच जाकर सरकार की भर्ती न करने की मंशा उजागर करें। बैठक में पूर्व विधायक विनय तिवारी, रामसरन, सुनील लाल, रघुवीर सिंह यादव आदि थे।







# पुलिस और राजस्व टीम पर कब्जेदारों ने किया पथराव

## सड़क पर सामान रखकर की जाम लगाने की कोशिश, अवैध कब्जा हटाने गई थी पुलिस और राजस्व की टीम

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचार:** थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव लोनिपुरवा में शनिवार को बवाल हो गया। सड़क किनारे बसे ग्रामीणों से जमीन खाली कराने गई राजस्व व पुलिस टीम का टकराव हो गया। ग्रामीणों ने सड़क पर समान रखकर जाम लगाने की कोशिश की। पुलिस और राजस्व टीम पर पथराव शुरू कर दिया। इस बीच किसी ने छप्पर में आग लगा दी, इससे अफरा-तफरी मच गई। बवाल बढ़ते देख आसपास के थानों की फोर्स बुलाई गई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर हालातों को काबू में किया।


लोनिपुरवा में विवादित जमीन पर नींव खोदते मजदूर। ● अमृत विचार


ग्रामीणों से बातचीत करते एसडीएम मितौली विनीत उपाध्याय। ● अमृत विचार

लोनिपुरवा गांव में विकास वर्मा पुत्र विश्राम लाल के आम के बाग के किनारे कई सालों से एक ही परिवार के धनपति, भागवानी और ओम प्रकाश आदि लोगों के करीब पांच घर हैं। आरोप है कि इन लोगों ने सड़क व विकास वर्मा की कुछ जमीन पर छप्पर आदि डालकर कब्जा कर रखा है और उस पर परिवार समेत रहते हैं। हाल ही में विकास वर्मा बाग में अपना मकान बनवा रहे हैं। दो दिन पहले अतिक्रमण करने वालों से उनका विवाद हो गया था। इसकी शिकायत उन्होंने थाना समाधान दिवस में की। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे एसडीएम मितौली विनीत उपाध्याय राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही सीओ शमशेर बहादुर सिंह व एसओ श्रद्धा सिंह भी पुलिस बल के साथ थीं। राजस्व और पुलिस टीम ने जब अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू की तो महिलाओं समेत वहां मौजूद लोगों ने बवाल शुरू कर दिया। घरों में रखा सामान सड़क पर रखकर जाम लगाने की कोशिश की। अफसर और पुलिस कुछ समझ पाती। इससे पहले ही पथराव होने लगा। इस बीच किसी ने छप्परों में आग लगा दी। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। बवाल बढ़ते देख आसपास के थानों की पुलिस फोर्स को बुला लिया गया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को खदेड़ दिया। हालात काबू में आने के एसडीएम विनीत उपाध्याय ने मौके पर लोगों को समझा-बुझाकर किसी तरह से शांत कराया और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल अनिल श्रीवास्तव व कानूनगो से पैमाइश कराई। जमीन से अवैध कब्जा को हटवा दिया और बाग मालिक विकास वर्मा का कब्जा कराकर नींव भराई। तब जाकर मामला शांत हुआ। अवैध कब्जे से बेदखल किए गए धनपति, भागवानी आदि का कहना है कि वह लोग करीब चार दशक से कथित जमीन पर रह रहे हैं। प्रशासन ने उन्हें बेदखल कर ज्यादती की है।

### फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग

**बेहजम।** छप्परों में आग लगने के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई। हवा चलने के कारण आसपास के गांवों के लोगों में भी हड़कंप मच गया। प्रशासन ने फायर बिग्रेड को मौके पर बुलाया। फायर बिग्रेड जब तक मौके पर पहुंचती। तब तक दो घर जल चुके थे। फायर ब्रिगेड ने पुलिस की मदद से आग बुझाई। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

> कुछ लोगों ने एक व्यक्ति की जमीन पर अतिक्रमण कर रखा था। इसे एसडीएम, तहसीलदार व सीओ ने हटवा दिया है। कुछ महिलाओं ने हल्का विरोध किया था, जिन्हें समझा बुझाकर शांत करा दिया गया।
> –**श्रद्धा सिंह**, एसओ, थाना नीमगांव

# हुनर और योग्यता को विकसित करें युवा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** नेहरू युवा केंद्र को जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद 2024 का आयोजन शनिवार को जिला सहकारी बैंक परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री और सदर विधायक योगेश वर्मा ने स्वामी विवेकानंद और सरस्वती के चित्र पर माला पहनाकर कार्यक्रम का आरंभ किया। इस मौके पर लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता की प्रथम विजेता बनकर जिले का नाम रोशन करने वाली छात्रा सिमरन कनौजिया को सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्रा मृगा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



जिलास्तरीय पड़ोस युवा संसद को संबोधित करते केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी।

मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने युवाओं को ईमानदारी के साथ अनुशासित होकर हुनर और योग्यता को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश में 35 साल से कम उम्र के लोगों की संख्या करीब 100 करोड़ है। देश में मोदी सरकार से पहले क्या घटित हुआ, इसके बारे में युवाओं को जानकारी होनी चाहिए। युवाओं में भी राजनीति में आने की भावना जागृत होनी चाहिए।

युवा संसद जैसे कार्यक्रमों से अपने विचार रखने की स्वतंत्रता मिलती है। उन्होंने कहा मोदी सरकार से पहले की सरकार में भ्रष्टाचार होने से देश में गरीबी बढ़ी और विकास रुका। इस दौरान डीसीबी चेयरमैन विनीत मनार, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह, संजय मिश्रा, जितेंद्र त्रिपाठी, कुलभूषण सिंह, डॉ. अभिमन्यु मिश्र, शरद मिश्रा, शिवराम वर्मा,विशाल दीक्षित,रामवीर सिंह, सूर्यमणि मिश्रा, पटेल सुशील वर्मा, राम पांडेय,अंकुर वर्मा आदि मौजूद रहे। सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### सिमरन ने जिले का नाम किया रोशन

जिला युवा अधिकारी मंयक भदौरिया ने बताया कि राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता लखनऊ में हुई थी, जिसमें सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज की 12वीं छात्रा सिमरन कनौजिया ने प्रथम वजेता बनकर कॉलेज और विद्यालय का नाम रोशन किया है। भाषण प्रतियोगिता का विषय माय भारत विकसित भारत 2047 था। सिमरन को एक लाख रूपये का चेक देकर सम्मानित किया गया है।

## किसानों के दल को गृह राज्य मंत्री ने किया उत्तराखंड रवाना

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने किसानों के दल का उत्तराखंड रवाना किया। इस दौरान विधायक सदर योगेश वर्मा और डीएम महेंद्र बहादुर सिंह भी मौजूद रहे।

शनिवार को जिला मुख्यालय से श्रीअन्न पुनरुद्धार योजना के अंतर्गत कृषि विभाग की अगुवाई में 50 किसानों के दल को रवाना किया गया। यह दल श्रीअन्न और अन्य कृषि संबंधी नवीनतम तकनीक की जानकारी के लिए गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर एवं विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा में प्रशिक्षण लेगा। शनिवार को किसानों की बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

## मिलेट्स रेसीपी जागरूकता: कुकिंग प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **डीएम ने श्रीअन्न के उत्पादन के लिए किसानों को किया प्रेरित**

**अमृत विचार:** श्री अन्न के उपयोग, महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए डीसी रोड स्थित एक मैरिज लॉन में मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी व विधायक योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में सुमन श्रीवास्तव प्रथम, प्रतिष्ठा वर्मा द्वितीय और ऊषा पांडेय तृतीय रहीं।

रेसिपी प्रतियोगिता में होटल, रेस्तरां सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने कहा कि श्री अन्न समृद्धि व समग्र विकास का माध्यम बन रहा है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। उन्होंने रेसिपी के अनूठे प्रदर्शन को लेकर डीएम की सराहना की। उन्होंने कहा कि मिलेट्स का उपयोग कर बीमारियों से बचने के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यह स्वादिष्ट होने के साथ स्वास्थ्यवर्धक भी है। प्रतियोगिता की विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रेसिपी प्रतियोगिता की निर्णायक वाईडी कॉलेज की डॉ. ज्योति पंत, रॉयल प्रूडेंस कॉलेज की डॉ. अंशू वर्मा व गुरुनानक कन्या विद्यालय की शुभ्रा व कृषि वैज्ञानिक डॉ. विसेन, डॉ. सुहैल, डॉ. विवेक पांडेय रहे। डीएम ने किसानों से श्री अन्न उत्पादन के लिए आगे आने को कहा। भोज्य पदार्थ में युवराज दत्त डिग्री कॉलेज प्रथम और रॉयल प्रूडेंस कॉलेज द्वितीय रहा। विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# कबीरगंज गन्ना क्रय केंद्र पर पकड़ी घटतौली, हंगामा

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचार:** किसान सहकारी चीनी मिल के हजारा थाना के निकट कबीरगंज गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों ने घटतौली मिलने पर जमकर हंगामा किया और चीनी मिल प्रशासन व सीसीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे चीनी मिल के अफसरों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह किसानों को शांत कराया।


गन्ना क्रय केंद्र कबीरगंज पर हंगामा करते किसान। ● अमृत विचार

- **किसानों ने चीनी मिल प्रशासन व सीसीओ के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर की नारेबाजी**

किसानों ने बताया कि कई दिन से गन्ना भरे वाहन तौलवाने के दौरान घटतौली देखी जा रही थी। शुक्रवार को एक किसान धर्म कांटे पर गन्ना भरी ट्रॉली तुलवाकर क्रय केंद्र पर लाया। जब गन्ना क्रय केंद्र के कांटे पर ट्रॉली तौली गई तो एक क्विंटल वजन कम मिला। घटतौली उजागर होने पर किसान और मौके पर मौजूद सीसीओ में जमकर नोक-झोंक हुई। किसानों ने हंगामा कर तौल बंद करा दी और नारेबाजी करने लगे। इस दौरान करीब चार घंटे तौल बंद रही। मुख्य गन्ना अधिकारी उदयभान सिंह ने दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर किसान शांत हुए और तौल शुरू हो सकी।

## सार-संक्षेप

### कुकरा में धूमधाम से मनाया गया असनाद इज्तिमा

**कुकरा।** कस्बा कुकरा में दावते इस्लामी इंडिया के मदरसतुल मदीना गुलशने इस्लाम में परीक्षाफल वितरण समारोह में मदरसा के टॉपर रहे प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। मदरसे में बंटे रिजल्ट कार्ड में आसिफ अली प्रथम, अली खान द्वितीय और तीसरा स्थान तसलीम गाजा का रहा, जिन्हें अतिथियों ने पुरुस्कृत किया। अपने वतन में अमन और शांति बने रहने के लिए दुआ की। मदरसा निगरान कारी सआदत रसूल ने अहम संदेश दिया कि आधी रोटी खाना है, बच्चों को पढ़ाना है। कारी तहारत रसूल, मोहम्मद सलमान खान, अरशद खान, फारुक खान, मौलाना इरफान, परवेज खान आदि मौजूद रहे।

### अहमदनगर में श्री रुद्र महायज्ञ 11 से

**गोला गोकर्णनाथ।** ग्राम अहमदनगर में श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्रीराम चरित मानस वेदांत सम्मेलन 11 मार्च से होगा। श्रद्धालु यज्ञ मंडप, बेदी रचना मंदिर की साज सज्जा को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। भगवान क्लेश हरण मंदिर को भव्य आकर्षक विद्युत लड़ियों से सजाया गया है। खुटार रोड अहमदनगर स्थित बाबा क्लेशहरण नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष योगेंद्र मिश्र एडवोकेट ने बताया कि श्री रुद्र महायज्ञ में संत–महात्माओं, मानस वक्ताओं को आमंत्रित किया है। 11 से 18 मार्च तक वृंदावनधाम की रासलीला प्रतिदिन दिन में दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक और रात्रि में आठ से 12 बजे तक दिखाई जाएगी। कथा व्यास पं राहुल कृष्ण दीक्षित द्वारा शाम चार बजे से रात्रि आठ बजे तक श्रीमद् भागवत कथा सुनाई जाएगी।

### विधायक ने किया उपवन का अनावरण

**मैगलगंज।** कस्बा औरंगाबाद में पंडित विश्वम्भर नाथ मिश्र, सावित्री मिश्रा समाधि स्थल व प्रभा मिश्रा उपवन का अनावरण कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने किया। कार्यक्रम के आयोजक शिक्षक संघ अध्यक्ष पसगवां पवन मिश्रा ने अपने माता, पिता व अभी हाल ही में पत्नी प्रभा मिश्रा के आकस्मिक देहांत के बाद उनकी स्मृति में समाधि उपवन का निर्माण कराया था। उपवन में लगे शिलापट्ट का अनावरण मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू व विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश त्रिपाठी ने किया। तीनों की समाधि पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य नवाब कल्बे हसन, श्याम किशोर तिवारी पग्गू, शिवप्रकाश बाजपेई, संगम बाजपेई, जय प्रकाश शुक्ला, देव प्रकाश सिंह, पंकज वर्मा, शिवाकांत मिश्रा व लक्ष्मी कांत मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

**पसगवां।** श्रीरुद्र महायज्ञ में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य पवन देव महाराज ने कहा कि काशी ज्ञान की भूमि है, नैमिष कथा की भूमि है और वृन्दावन प्रेम की भूमि है। श्रीकृष्ण के जन्म, रुक्मिणी विवाह और बाल लीलाओं को विस्तार से सुनाया। ऊधौ के प्रसंग को सुनाते हुए उन्होंने कहा कि ऊधौ परम ज्ञानी थे, लेकिन उनके ज्ञान को भगवत प्रेम ने बौना कर दिया। इससे पहले ऊधौ ने प्रेम के स्वरूप को नहीं समझा था, लेकिन जब समझा तो उन्हें वह ज्ञान जिस पर वह अभिमान करते थे, पूरी तरह तुच्छ नजर आया। दधि मटकी, माखन चोरी, कालिया नाग, वस्त्र हरण सहित गोपियों की अनेक लीलाओं के प्रसंग सुनाए। उन्होंने बताया कि भगवान ने ब्रह्मा के मोह का भी नाश किया। उधर, श्रीरुद्र महायज्ञ के समापन पर यज्ञाचार्य पं. भोलानाथ तिवारी, विनोद त्रिवेदी और पं. ज्ञानेंद्र मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति कराई। इसमें मुख्य यजमान उत्कर्ष शुक्ल और श्रीमद्भागवत कथा के मुख्य यजमान विनय शुक्ल ने सपत्नीक भाग लिया। इस अवसर पर जगमोहन लाल शुक्ल, बृजमोहन शुक्ल, विवेक शुक्ला, रामचंद्र शुक्ल, उमा दत्त शुक्ला, प्रेम शंकर शुक्ला, विनय कुमार शुक्ला आदि आदि शामिल रहे।

### महाशिवरात्रि पर 151 शिवलिंग का किया रुद्राभिषेक

**गोला गोकर्णनाथ।** महाशिवरात्रि के पर्व पर पंडित रामदेव शास्त्री ने 21 वेद शास्त्रियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 151 पार्थिव शिवलिंग की वेदियों पर सपत्नीक यजमानों से रुद्राभिषेक कराया। महाशिवरात्रि के पर्व पर पौराणिक शिव मंदिर के निकट नीलकंठ मैदान में महा रुद्राभिषेक कराया गया। 21 वेद शास्त्रियों ने पंडित रामदेव शास्त्री के निर्देशन में मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक की शुरुआत सपत्नीक एसपी गणेश प्रसाद साहा और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने शिव पूजन कर की। मां कात्यायनी सेवा समिति द्वारा महाशिवरात्रि के पर्व पर 151 पार्थिव शिवलिंग पर 300 यजमानों को एक साथ रुद्राभिषेक किया। इसके साथ ही छोटी काशी और जिला के प्रमुख शिव मंदिरों पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। रुद्राभिषेक का कार्यक्रम पूरी रात चला रहा। इस मौके पर तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे। रुद्राभिषेक की व्यवस्था में अतुल अग्रवाल सहित तमाम लोग लगे रहे।

### फसल जोत कर जमीन पर कब्जे का आरोप

**भीरा।** थाना क्षेत्र के गांव फार्म टांडा निवासी भिखारी ने गांव के पड़ोस के कुछ लोगों पर फसल जोत कर उसकी साढ़े सात बीघा जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित भिखारी ने बताया कि उसकी साढ़े सात बीघा कृषि भूमि पिपरिया भूड़ में शारदा नदी के किनारे है। जिस पर उसने गन्ना बोया था। उसके पड़ोसी ने अपने साथियों के साथ खड़ी फसल जोत दी और जमीन पर कब्जा कर लिया। विरोध करने पर उसे जान माल की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित ने थाना समाधान दिवस में भी मामले की शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक पंकज त्रिपाठी ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### महर्षि दयानंद की द्विजन्म शताब्दी पर हुआ हवन पूजन

**गोला गोकर्णनाथ।** दयानंद बाल विद्या मंदिर में आर्य समाज के संस्थापक युग प्रवर्तक महर्षि दयानन्द सरस्वती की द्विजन्म शताब्दी धूमधाम से मनाते हुए हवन पूजन किया गया। मुख्य यजमान नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू से आचार्य अवधेश मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डलवाकर यज्ञ संपन्न कराया। विशिष्ट अतिथि आर्य जगत के विद्वान प्रो नरेंद्रदेव शर्मा ने महर्षि दयानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। आचार्य अवधेश मिश्रा ने स्वामी दयानंद के द्वारा किये गए समाज सुधार, नारी शिक्षा, भेदभाव रहित समाज के आधार पर वसुधैव कुटुंबकम और मानव मात्र के कल्याण के लिए किये गए कार्यों का बखान किया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश वैश्य, नवीन भसीन, विजय राठी, सुशील गुप्ता, मुन्नालाल स्वर्णकार, पतिराखन लाल वर्मा, सुरेश कुमार मिश्रा सहित विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

